259

बिहार सरकार
कला एवं संस्कृति विभाग

## आदेश

पटना, दिनांक 22/07/2026

संख्या–4 सं०/वि02–15/2026...170.../संग्रहालय निदेशालय, कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार, पटना के संकल्प संख्या–101 दिनांक 23.02.2026 द्वारा उच्च शिक्षा विभाग के नियंत्रणाधीन कार्यरत काशी प्रसाद जायसवाल शोध संस्थान, पटना एवं प्राकृत जैनशास्त्र और अहिंसा शोध संस्थान, वैशाली (बसोकुंड) को सभी आस्तियों, दायित्वों एवं कार्यरत मानवबल सहित संग्रहालय निदेशालय को हस्तांतरित किया गया है।

2. उक्त दोनों संस्थानों में निदेशक तथा निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी का प्रभार निम्नवत् सौंपा जाता है :–

(i) श्रीमती कुमारी ललिता, शोध सदस्य –सह– सहायक निदेशक, को निदेशक, काशी प्रसाद जायसवाल शोध संस्थान, पटना का प्रभार सौंपते हुए उक्त संस्थान का निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी नामित किया जाता है।

(ii) श्री विमल तिवारी, अपर निदेशक, बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय–सह–स्मृति स्तूप, वैशाली को अपने कार्यों के अतिरिक्त निदेशक, प्राकृत जैनशास्त्र और अहिंसा शोध संस्थान, वैशाली का प्रभार सौंपते हुए उक्त संस्थान का निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी नामित किया जाता है।

3. यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

4. इस पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

ह0/–

(रूबी)

सरकार के अपर सचिव।

ज्ञापांक ................/ पटना, दिनांक ............./2026

प्रतिलिपि– महालेखाकार, बिहार, पटना/वित्त (वैयक्तिक दावा निर्धारण कोषांग) विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ह0/–

सरकार के अपर सचिव।

ज्ञापांक ................/ पटना, दिनांक ............./2026

प्रतिलिपि– जिला पदाधिकारी, पटना/मुजफ्फरपुर/जिला कोषागार पदाधिकारी, पटना/मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ह0/–

सरकार के अपर सचिव।

ज्ञापांक ................/ पटना, दिनांक ............./2026

प्रतिलिपि– श्रीमती कुमारी ललिता, शोध सदस्य –सह– सहायक निदेशक, के0पी0 जायसवाल शोध संस्थान, पटना/श्री विमल तिवारी, अपर निदेशक, बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय–सह–स्मृति स्तूप, वैशाली/दोनों संस्थानों के सभी पदाधिकारी एवं कर्मी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ह0/–

सरकार के अपर सचिव।

ज्ञापांक 1123/ पटना, दिनांक 02/07/2026

प्रतिलिपि– माननीय मंत्री के आप्त सचिव/सचिव के प्रधान आप्त सचिव/सभी निदेशक/संयुक्त सचिव/सभी अवर सचिव/सभी प्रशाखा पदाधिकारी/लेखा एवं बजट शाखा/आई0टी0 मैनेजर, कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

2/7/26

सरकार के अपर सचिव।